(ख) ग्रौर (ग) राजस्थान सरकार ने चौथी योजना की ग्रवधि में सवाई माधोपुर के वर्तमान समपार की जगह एक ऊपरी सड़क पुल बनाने का ग्रन्तिम प्रस्ताव रखा है। रेलवे ने जून, १९६७ में राज्य सरकार से इस पुल के सम्बन्ध में कुछ ब्यौरे मांगे थे। इनके मिलने पर, इस काम को रेलों के ग्रगले निर्माण-कार्यक्रम में शामिल किये जाने के सम्बन्ध में ग्रागे ग्रावश्यक कारवाई की जायेगी।

**राजस्थान में नई रेलवे लाइनें**

3485. **श्री मीठा लाल मीना** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चौथी पंचवर्षीय योजना में राजस्थान में नई रेलवे लाइने बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; ग्रौर

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)** : (क) से (ग). चौथी पंचवर्षीय योजना में नयी लाइनों के प्रस्तावों को ग्रभी तक ग्रन्तिम रूप नहीं दिया गया है। फिर भी राजस्थान सरकार की सिफारिश पर पोकरन-जैसलमेर लाइन (105 कि० मी० मीटर लाइन —लागत 3.11 करोड़ रुपये) का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

**गरहारा ट्रांसशिपमेंट यार्ड**

3486. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर ग्रौर पूर्वी रेलवे पर बरौनी जंकशन के निकट गरहरा में एक बड़ा यार्ड है जिस में लाखों रुपयों की सरकारी सम्पत्ति जमा रहती है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस यार्ड में ट्रांशिपमेंट के लिये लाखों मन ग्रनाज उतारा तथा चढ़ाया जाता है;

(ग) क्या इस यार्ड के चारों ग्रोर कोई बाड़ न लगी होने के कारण वहां से लाखों रुपयों की सरकारी तथा गैर-सरकारी वस्तुग्रों की चोरी हो जाती है जिसके लिये सरकार को क्षतिपूर्ति देनी पड़ती है; ग्रौर

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इस यार्ड के चारों ग्रोर बाड़ लगा कर इसे सुरक्षित बनाने के लिये किसी योजना पर विचार कर रही है ग्रौर यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)** : (क) जी हां।

(ख) जी हां। वहां यानान्तरण के लिए काफी मात्रा में ग्रनाज उतारा ग्रौर चढ़ाया जाता है।

(ग) जी नहीं।

(घ) सवाल नहीं उठता।

**सोनपुर रेलवे जंकशन पर रैस्ट हाउस**

3487. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे में सोनपुर सबसे बड़ा ग्रौर सबसे ग्रधिक महत्वपूर्ण जंकशन है;

(ख) क्या यह भी सच है कि सोनपुर स्टेशन पर उस क्षेत्र से मैजिस्ट्रेटों तथा टिकट निरीक्षकों के कार्य के दौरान ग्रथवा उसके बाद विश्राम करने के लिए कोई गैस्ट हाउस ग्रथवा रैस्ट हाउस नहीं है;

(ग) यदि हां, तो रेलवे कर्मचारियों की सुविधा के लिये सोनपुर जंकशन पर सरकार का विचार एक रैस्ट हाउस बनाने का है;

(घ) यदि हाँ, तो यह कब तक बनाया जायेगा; और

(ङ) यदि उपर्युक्त भाग (ग) का उत्तर नकारात्मक हो, तो उसके क्या कारण है?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)** :(क) पूर्वोत्तर रेलवे पर सोनपुर एक महत्वपूर्ण जंकशन स्टेशन है।

(ख) जी नहीं । यहां अधिकारियों के लिए एक विश्राम कक्ष है जिसे मैजिस्ट्रेट भी इस्तेमाल में ला सकते हैं और चल टिकट परीक्षकों के लिए एक रनिंग रूम है ।

(ग) से (ङ). सवाल नहीं उठता ।

### धनबाद डिवीजन में रेलवे गार्ड

3488. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी रेलवे के धनबाद डिवीजन के रेलवे गार्डों ने अपनी शिकायतों के बारे में एक ज्ञापन पत्र रेलवे प्रशासन को दिया है; और

(ख) यदि हां, तो उन्होंनें इस ज्ञापन पत्र में क्या क्या विभिन्न मांगें की हैं तथा उनके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :(क) और (ख). सूचना मंगायी जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

### पत्रातू में फायरमैन

3489. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पत्रातू (हजारी बाग, बिहार) में सीनियर फायरमैनों तथा सैकण्ड फायरमैनों को उनके अधिकारों से वंचित करके डीजल इंजिन क्लीनरों को पदोन्नत करके डीजल इंजिन के असिस्टेंट ड्राइवर बनाया जाता है;

(ख) क्या रेलवे में कोई ऐसा नियम है कि केवल वरिष्ठता के आधार पर ही पदोन्नति की जाये; और

(ग) यदि हां, तो पत्रातू में इस नियम का उल्लंघन करनें के क्या कारण हैं और क्या दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सरकार का कोई कार्यवाही करनें का विचार है ताकि भविष्य में वरिष्ठता के अनुसार पदोन्नति के नियम का पूरी तरह पालन किया जाये ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा): (क) से (ग). सूचना मंगायी जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

### CASES UNDER ESSENTIAL COMMODITIES ACT

3490. SHRI RAM CHARAN: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the number of persons/firms challenged under the Essential Commodities Act, 1955 all over the country during the last three years; and

(b) the number out of them punished and acquitted?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) and (b). A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT—1919 /67]

### भूमिगत जल का सर्वेक्षण करने के लिये "रिवीलर" उपकरण

3491. श्री महाराज सिंह भारती : क्या इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि ब्रिटेन के एक राष्ट्रजन ने 'रिवीलर' नामक एक उपकरण बनाया है, जो भूमिगत खनिजों और जल का पता लगाता है और इसका मूल्य केवल 72 पौंड है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस उपकरण के आयात या अपने देश में ही इसका निर्माण करने के लिये कोई प्रयास किये हैं, जिससे कि कुएं और नलकूप लगाने के लिये भूमिगत जल का सर्वेक्षण किया जा सके ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) और (ख). भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण संस्था को 'रिवोलर' जैसे किसी उपकरण का ज्ञान नहीं । तथापि भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण के पास खनिज पदार्थों और भूगर्भ जल के अन्वेषण के लिये आवश्यक सब प्रकार के नवीनतम और उच्च स्तर के ठीक ठीक काम